बरेली पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 19.12.2025

साइबर सेल जनपद बरेली।

दक्षिण पूर्व एशिया से संचालित साइबर अपराध एवं साइबर स्लेवरी में प्रयुक्त मोबाइल सिम कार्ड बेचने वाले PoS एजेंट्स के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत थानों की साइबर सेल द्वारा की गई सफल कार्यवाही।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली, जोन बरेली व पुलिस उपमहानिरीक्षक, साइबर क्राइम तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली के निर्देशानुसार भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) द्वारा उपलब्ध कराई गई PoS (Point of Sale) एजेंट्स की सूची के आधार पर जांच एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु दिनांक (05-12-2025 से 20-12-2025) तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, श्री अनुराग आर्य के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी-हाईवे, बरेली श्री शिवम् आशुतोष के पर्यवेक्षण में थानों की साइबर सेल द्वारा सक्रिय एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस अभियान के दौरान दक्षिण पूर्व एशियाई देशों (कंबोडिया, म्यांमार, लाओस आदि) से संचालित साइबर अपराध एवं साइबर स्लेवरी में प्रयुक्त होने वाले मोबाइल सिम कार्ड्स की अवैध बिक्री करने वाले संदिग्ध PoS एजेंट्स की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई, संबंधित दस्तावेजों की जांच करते हुए संदिग्ध पाये गये PoS के विरुद्ध निम्नलिखित कार्यवाही की गयीः-

1. मु0अ0सं0 0508/2025 धारा 318(4) बी.एन.एस थाना प्रेमनगर, बरेली बनाम अशोक पुत्र श्री मोहनलाल सिंह नि0-साईधाम कालोनी कर्मचारी नगर थाना इज्जतनगर, बरेली।
2. . मु0अ0सं0 1528/2025 धारा 420 IPC व 66D आई टी एक्ट थाना बारादरी बनाम हरवेन्द्र सिंह, राज अग्रवाल, अनमोल रत्न, सुभाषचन्द व कृष्णकान्त नि0- आशीष रायल टावर, खसरा न0- 363,364,365 हरुनगला बीसलपुर रोड़ थाना बारादरी, बरेली।
3. . मु0अ0सं 0991/2025 धारा 66D आई टी एक्ट थाना फरीदपुर, बरेली बनाम सचिन कुमार पुत्र भूपराम नि0- सैदापुर थाना फरीदपुर, बरेली।
4. . मु0अ0सं0 0597/2025 धारा 420 IPC व 66D आई टी एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली बनाम हरिशंकर पुत्र ग्राम खजरिया सम्पत थाना भुता, बरेली।
5. मु0अ0सं0 360/2025 धारा 66D आई टी एक्ट थाना क्योलड़िया,बरेली रवि पुत्र मनोहर व उमेश पुत्र मनोहर नि0- क्योलड़िया, बरेली।